Headline: - Guidance on career options was provided during a session held as part of the webinar series.

Print Coverage:

Date	Publication	Edition
5th June, 2026	**Rajasthan Patrika**	All

वेबिनार शृंखला के तहत सत्र आयोजित

कॅरियर विकल्पों का दिया मार्गदर्शन

जयपुर @ पत्रिका प्लस. आइआइएचएमआर यूनिवर्सिटी ने वेबिनार शृंखला के तहत दूसरे सत्र का आयोजन 'हेल्थकेयर एनालिटिक्स और डिजिटल हेल्थ: स्वास्थ्य क्षेत्र में उभरते कॅरियर विकल्प' विषय पर किया।

वेबिनार उन छात्रों और युवा पेशेवरों के लिए उपयोगी रहा, जो हेल्थकेयर एनालिटिक्स, डिजिटल हेल्थ, एआइ, डेटा और हेल्थ टेक जैसे उभरते क्षेत्रों में कॅरियर की संभावनाएं तलाश रहे हैं। सत्र में प्रतिभागियों को यूनिवर्सिटी के एमबीए (हेल्थकेयर एनालिटिक्स) कार्यक्रम और स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलती कौशल आवश्यकताओं की जानकारी दी गई। यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. पी.आर. सोडानी ने बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र तेजी से डिजिटल बदलाव के दौर से गुजर रहा है। हमारा उद्देश्य छात्रों को उभरते कॅरियर विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन देना है।